आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 24.11.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 44वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के उत्तराखंड दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। रजत जयंती वर्ष में स्टॉल शुल्क माफ करने की घोषणा।
- अल्मोड़ा ज़िले की सोमेश्वर विधानसभा के दौलाघट में प्रदेश के पहले कान्हावन का शिलान्यास, आवारा और देखरेख की ज़रूरत वाली गायों के लिए तैयार होगा आश्रय स्थल।
- चंपावत ज़िले में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए डांडा—ककनई क्षेत्र में पैराग्लाइडिंग गतिविधियां शुरू।
- राज्य में गुरु तेगबहादुर शहीदी दिवस का सार्वजनिक अवकाश आज की जगह कल होगा; सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया आदेश।

अभारत—अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 44वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के उत्तराखंड दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला उत्तराखंड की संस्कृति, हस्तशिल्प और परंपराओं को वैश्विक मंच देता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर "एक ज़िला एक त्यौहार" पहल का सुझाव दिया है, जिससे पारंपरिक मेलों और स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिलेगी।

उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, खेल, पेयजल और हवाई कनेक्टिविटी सहित विभिन्न क्षेत्रों में आधुनिक ढांचा विकसित किया जा रहा है। 'वोकल फॉर लोकल', 'मेक इन इंडिया' और 'स्टार्टअप इंडिया' जैसी पहलें विकसित उत्तराखंड के लक्ष्य को आगे बढ़ा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि रजत जयंती वर्ष पर मेले में स्थानीय उत्पादों के स्टॉलों पर लगने वाला शुल्क माफ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष राज्य पवेलियन में बुनकरों और उत्पाद धारकों द्वारा अब तक एक करोड़ रुपए का व्यवसाय किया गया है और ढाई करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना है और इसके लिए सभी क्षेत्रों में तेजी से कार्य हो रहा है।

<u>कान्हावन शिलान्यास</u>

अल्मोड़ा ज़िले की सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र के दौलाघट में प्रदेश के पहले कान्हावन का शिलान्यास और भूमि पूजन किया गया। यह आश्रय स्थल उन गायों के लिए बनाया जा रहा है जो स्वच्छंद रूप से घूमती हैं और जिन्हें देखरेख की आवश्यकता होती है।

कैबिनेट मंत्री और सोमेश्वर की विधायक रेखा आर्या ने कहा कि कान्हावन योजना से आवारा गौमाताओं को आवास, पोषण और सुरक्षा मिलेगी। इसके साथ बायोगैस संयंत्र और गोमूत्र व गोबर से तैयार उत्पादों के माध्यम से स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के अवसर भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि जो पशु पहले फसलों के लिए परेशानी माने जाते थे, वे अब रोजगार का नया स्रोत बन सकते हैं।

<u>नरभक्षी गुलदार पकड़ा</u>

चंपावत के मंगोली गांव में पिछले 12 दिनों से दहशत फैलाने वाले नरभक्षी गुलदार को आखिरकार वन विभाग ने पिंजरे में कैद कर लिया। 12 नवंबर को इस गुलदार ने एक ग्रामीण पर हमला किया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई थी। इसके बाद पूरे क्षेत्र में भय का माहौल था। गुलदार आसपास के कई गांवों में भी दिखाई दे रहा था, जिससे ग्रामीण लगातार इसकी पकड़ की मांग कर रहे थे।

घटना को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग ने चार पिंजरे, एक दर्जन से अधिक ट्रैप कैमरे और ड्रोन की मदद से लगातार निगरानी की। टीम लगातार इलाके में गश्त करती रही।

यह गुलदार कल पिंजरे में कैद हो गया। लोहाघाट रेंजर एन.डी. पांडे ने बताया कि यह वही नरभक्षी गुलदार है जिसने 12 नवंबर की घटना को अंजाम दिया था। गुलदार को रेस्क्यू सेंटर अल्मोड़ा भेज दिया गया है।

<u>बधाई</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 खिताब जीतने पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने फोन पर बात कर लक्ष्य सेन को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह उपलब्धि उत्तराखंड और देश के लिए गर्व की बात है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लक्ष्य सेन की मेहनत और निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन युवाओं के लिए प्रेरणा है। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि लक्ष्य आगे भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और उत्तराखंड का नाम रोशन करते रहेंगे।

<u>साहसिक पर्यटन</u>

चंपावत ज़िले में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए डांडा–ककनई क्षेत्र में पैराग्लाइडिंग गतिविधियां शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के बाद इस क्षेत्र को नए पैराग्लाइडिंग केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। बाणासूर के बाद अब डांडा–ककनई भी पैराग्लाइडिंग के प्रमुख स्थल के रूप में उभर रहा है। एक रिपोर्ट–

डांडा में 'पैराग्लाइडिंग उड़ान अभ्यास' प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है, जिसमें प्रतिभागियों को सोलो पायलट प्रशिक्षण दिया जा रहा है। निर्धारित 100 घंटे की उड़ान पूरी होने पर प्रशिक्षु टैंडम (कमर्शियल) पायलट, प्रशिक्षण के योग्य होंगे। पहला बैच 6 से 25 नवंबर और दूसरा बैच 26 नवंबर से 16 दिसंबर तक चलाया जा रहा है।

विशेषज्ञों के अनुसार ककनई क्षेत्र थर्मल, हवा के रुख और सुरक्षित लैंडिंग की दृष्टि से पैराग्लाइडिंग के लिए उपयुक्त है। पायलट यहां तीन घंटे तक उड़ान का अनुभव ले पा रहे हैं।

गौरतलब है कि पर्यटन विभाग राज्य में नये पैराग्लाइडिंग स्थलों की पहचान कर रहा है और 120 से अधिक पैरा पायलटों को विशेषज्ञों की निगरानी में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि इन स्थलों के विकसित होने से स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और चंपावत साहसिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा।

## गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म, मानवीय मूल्यों और सिद्धांतों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों में गुरु तेग बहादुर का स्थान अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि उनका बलिदान केवल धर्म की रक्षा के लिए नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं और सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने के लिए भी था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने प्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश दिया और उनका बलिदान हमें आपसी सद्भाव और एकता की प्रेरणा देता है।

इस बीच, राज्य में गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस पर घोषित अवकाश में संशोधन किया गया है। अब यह सार्वजनिक अवकाश आज न होकर कल रहेगा।

## लोकार्पण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल राजस्थान के अजमेर स्थित अखिल भारतीय उत्तराखंड धर्मशाला– तीर्थराज पुष्कर के द्वितीय तल का लोकार्पण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रवासी उत्तराखंडी और स्थानीय लोग मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने आश्रम के लिए 50 लाख रुपये की अतिरिक्त सहायता राशि देने की घोषणा की। इससे पहले राज्य सरकार आश्रम निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये की सहायता दे चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुष्कर तीर्थ सनातन संस्कृति का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने कहा कि यह धर्मशाला उत्तराखंड और राजस्थान के बीच सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों को और मजबूत करेगी तथा श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक ठहरावस्थल बनेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि के सांस्कृतिक स्वरूप की रक्षा के लिए राज्य में जबरन धर्मांतरण, अवैध कब्जों, उग्र मानसिकता और पाखंड फैलाने वाले तत्वों पर सख्त कार्रवाई की गई है।

मुख्यमंत्री ने प्रवासी उत्तराखंडियों से आग्रह किया कि वे जहां भी रहें अपनी संस्कृति और पहचान को गर्व के साथ आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को देश की आध्यात्मिक राजधानी बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर–

जी – 20 शिखर सम्मेलन को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हवाले से दैनिक जागरण लिखता है तकनीक की उपयोगिता राष्ट्रीय के बजाय वेश्विक होना चाहिए; वहीं प्रधानमंत्री के हवाले से हिंदुस्तान समाचार पत्र का शिर्षक है ;कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दुरूपयोग पर रोक के लिए सभी देशों में समझौते की जरूरत।

अमर उजाला समाचार पत्र का शिर्षक है वेश्विक संस्थाओ में सुधारो के लिए स्पष्ट सन्देश दे आईबीएसए।.

पीएम मोदी के हवाले से नवोदय टाइम्स लिखता है ; यूएनएससी में सुधार अब अनिवार्य